Bharat Temples

खाटू धाम महान है

खाटू धाम महान है बड़ा ही सूंदर धाम है,
यहाँ पे हारे का साथी रहता बाबा श्याम है,

तीन बाण धारी ये बाबा लीले का असवार है,
इसी शीश के दानी की चलती जग में सरकार है,
भोला है गुण वान है दानी है दया वान है,
यहाँ पे हारे का साथी रहता बाबा श्याम है,
खाटू धाम महान है.........

पतितो को पवन कर देती श्याम कुंड की धरा है,
पल में संकट काटे ऐसा मोरा छड़ी का झाड़ा है,
बनते बिगड़े काम है सच्चा ये प्रमाण है,
यहाँ पे हारे का साथी रहता बाबा श्याम है,
खाटू धाम महान है ....

फागुन के मेले में खाटू धाम गज़ब ही धता है,
यहाँ भी देखो वह पे केवल श्याम ही नजर आता है,
धन्य हुआ ये गांव है पड़े श्याम के पाँव है,
यहाँ पे हारे का साथी रहता बाबा श्याम है,
खाटू धाम महान है....

सोनू गर्ग जो ईशा मेरी पूछी बाबा श्याम ने,

मैं तो बस यही कहुगा मुझको रखलो खाटू धाम में,
यहाँ वसे मेरे प्राण है एक यही अरमान है,
यहाँ पे हारे का साथी रहता बाबा श्याम है,
खाटू धाम महान है

Source:
https://www.bharattemples.com/khatu-dham-mahan-hai-bada-hi-sunder-dham-hai-yaha-pe-haare-ka-sathi-rehta-baba-shyam-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw